पंजाब केसरी 03/11/2023

कार्यक्रम के दौरान मौजूद कॉलेज के विद्यार्थी।

जी.एम.एन. कालेज में आयोजित की गई वर्कशाप, रिज्यूम राइटिंग पर दिया गया लैक्चरर

अम्बाला, 2 नवम्बर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज के प्रबंधन और वाणिज्य विभाग ने निजी संस्थान के जरिए एक दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें कम्युनिकेशन स्किल एंड रिज्यूम राइटिंग पर लैक्चर दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शीतल सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर रही। इसके अलावा निजी संस्थान संचालिक महक ने भी विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल्स की खूबियां बताई।

कालेज के प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त ने भी विद्यार्थियों के साथ इस विषय पर अपनी जानकारी देते हुए कहा कि रिज्यूम राइटिंग स्किल के ज्ञान से अच्छी कंपनी में जगह हासिल की जा सकती है। इस वर्कशाप में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बी.बी.ए. डिपार्टमैंट की विभागाध्यक्ष डा. रवनीत कौर ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और बच्चों को इस टॉपिक पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की मैंटल एबिलिटी स्किल्स को एनहांस करने के लिए एक एप्टीट्यूड टैस्ट का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में डा. अमिता और प्रो. रमनीत कौर भी मौजूद रहीं।